an>

Title: Need to provide compensation to the farmers affected by drought in Maharashtra.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : महोदया, महाराष्ट्र में विदर्भ एरिया में 2013 में काफी बारिश होने से किसानों को नुकसान हुआ था और इस साल सूखे से काफी नुकसान हुआ है। वहां के किसान चिंतित हैं कि कैसे अपना गुजारा करें। वहां के किसानों ने अपने खेतों में सोयाबीन और कपास की फसल पैदा की है, लेकिन उन्हें अपनी फसल का आधारभूत मूल्य नहीं मिल रहा है, बल्कि उससे कम पर खरीद हो रही है। सरकार ने आधारभूत मूल्य 4050 रुपए तय किया है, जबकि उन्हें अपनी फसल को 3000 रुपए से 3500 रुपए के बीच में मजूबरी में बेचना पड़ रहा है। एक तो पानी नहीं होने से उनकी फसल को नुकसान हुआ, दूसरे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। इसलिए मैं सरकार से विनती करना चाहूंगा कि विदर्भ और मराठवाड़ा के किसानों को तुरंत 20,000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें फौरी तौर पर राहत मिल सके।